# 6th JPSC Mains - Model Paper– 1

## प्रश्न पत्र–III

## सामाजिक विज्ञान (इतिहास और भूगोल)

**समयः 3 घंटे** **पूर्णांकः 200**

**सामाजिक विज्ञान ( इतिहास और भूगोल )**

**परीक्षार्थियों को प्रत्येक खंड से एक अनिवार्य तथा दो वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर ( कुल 6 प्रश्नों के उत्तर ) देने हैं। प्रत्येक खंड के अनिवार्य प्रश्न में 10 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है।**

**खंड ( अ ) - इतिहास : 100 अंक**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन करें: अंक : 20 (10 × 2)**

(i) आर्य शब्द मूल रूप से किस भाषा का है?
(a) संस्कृत (b) जर्मन
(c) हिन्दी (d) रोमैनिक

(ii) 'पुरंदर की संधि' निम्नलिखित में से किस-किस के बीच हुई?
(a) औरंगजेब - शिवाजी
(b) जयसिंह - शिवाजी
(c) शाइस्ता खाँ - शाहजी
(d) शिवाजी - संभाजी

(iii) किसने 'उत्तरी ध्रुव' (Arctic Region) को आर्यों का मूल निवास स्थान बताया है?
(a) बाल गंगाधर तिलक (b) मैक्समूलर
(c) बिपिन चंद्र (d) दयानंद सरस्वती

(iv) गंगा नारायण ने झारखंड में निम्नलिखित में से किस विद्रोह का नेतृत्व किया था?
(a) तमाड़ (b) खेरवार
(c) भूमिज (d) पहाड़िया

(v) झारखंड क्षेत्रीय स्वायत्त परिषद का गठन किस वर्ष हुआ था?
(a) 1976 (b) 1996
(c) 1997 (d) 1995

(vi) असहयोग आंदोलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?
(a) जे.डी. बिड़ला ने राष्ट्रीय आंदोलन का खुला समर्थन किया।
(b) फरवरी 1922 में हिंसा की एक घटना के कारण गांधीजी को आंदोलन वापस लेना पड़ा।
(c) असहयोग आंदोलन के कारण मार्च 1922 में गांधी जी को राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।
(d) असहयोग आंदोलन में किसानों, श्रमिकों और कारीगरों ने भी भाग नहीं लिया।

(vii) 1857 की क्रांति में संपूर्ण सिंहभूम क्षेत्र में क्रांतिकारियों के प्रमुख नेता कौन थे?
(a) टिकैत उमराव सिंह
(b) राजा दुर्जन साल
(c) ठाकुर विश्वनाथ शाही
(d) राजा अर्जुन सिंह

(viii) 'मत्तविलासप्रहसन' नामक रचना किस पल्लव शासक द्वारा रची गई?
(a) नरसिंहवर्मन द्वारा (b) महेन्द्रवर्मन प्रथम द्वारा
(c) नंदिवर्मन तृतीय (d) सिंह विष्णु

(ix) शेख बहाउद्दीन जकारिया किस संप्रदाय के थे?
(a) सुहराबर्दी संप्रदाय
(b) ऋषि संप्रदाय
(c) चिश्ती संप्रदाय
(d) फिरदौसी संप्रदाय

(x) किसने 'सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी' की स्थापना की थी?
(a) मैडम हेलन पेट्रोवना ब्लेवट्स्की
(b) गोपाल कृष्ण गोखले
(c) स्वामी दयानंद
(d) राजा राममोहन राय

**2.** **अंक : 40 (10 × 4)**

(a) गुप्तकाल में कला और वास्तुकला संबंधी प्रयोगों की चर्चा कीजिये। (10 अंक)
(b) हड़प्पा सभ्यता के शहरों की जल निकासी प्रणाली तथा नगर योजना पर टिप्पणी लिखें। (10 अंक)
(c) चोलकालीन प्रशासनिक व्यवस्था किस प्रकार की थी? संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करें। (10 अंक)
(d) दक्षिण भारत के इतिहास में पल्लवों के सांस्कृतिक योगदान का वर्णन करें। (10 अंक)

**3.** **अंक : 40 (10 × 4)**

(a) "भक्ति और सूफी आंदोलनों ने एक ही सामाजिक प्रयोजन की पूर्ति की थी।" विवेचना कीजिये। (10 अंक)

(b) अकबर की धार्मिक एवं राजपूत नीति का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये। (10 अंक)

(c) मराठा साम्राज्य के उदय में जिन कारकों का प्रमुख योगदान रहा, उनका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करें। (10 अंक)

(d) नई इस्लामिक संस्कृति के उदय के पश्चात् इस्लामिक स्थापत्यकला के विकास पर प्रकाश डालिये। (10 अंक)

**4.** **अंक : 40 (10 × 4)**

(a) 1857 ई. के विद्रोह की असफलताओं के कारणों को चिह्नित कीजिये। (10 अंक)

(b) हिंदू समाज के सुधार आंदोलनों में राजा राममोहन राय के योगदान का वर्णन करें। (10 अंक)

(c) रैयतवाड़ी तथा महालवाड़ी व्यवस्था के गुण-दोषों का परीक्षण कीजिये। (10 अंक)

(d) होमरूल लीग आंदोलन पर प्रकाश डालिये। (10 अंक)

**5.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) झारखंड के प्रमुख जनजातीय विद्रोहों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करें। साथ ही स्पष्ट करें कि राष्ट्रवादी संघर्ष में ये किस प्रकार सहायक सिद्ध हुए? (20 अंक)

(b) क्या आप इस मत से सहमत हैं कि झारखंड में राष्ट्रीय चेतना का उदय लगभग उसी समय हुआ, जब राष्ट्रीय स्तर पर इस भावना का प्रसार हो रहा था। प्रकाश डालें। (20 अंक)

## खंड- (ब) भूगोल : 100 अंक

**6. निम्नलिखित प्रश्नों के लिये सही विकल्प का चयन करें:** **अंक : 20 (10 × 2)**

(i) निम्नलिखित में से कौन भूगर्भ की जानकारी का प्रत्यक्ष साधन है?

(a) ज्वालामुखी (b) गुरुत्वाकर्षण

(c) भूकंपीय तरंगें (d) पृथ्वी का चुंबकत्व

(ii) पोलर फ्लीइंग बल (Polar Fleeing force) किससे संबंधित है?

(a) पृथ्वी का घूर्णन (b) ज्वारीय बल

(c) पृथ्वी का परिक्रमण (d) गुरुत्वाकर्षण

(iii) निम्नलिखित में से भारत का कौन-सा राज्य रबड़ के उत्पादन में अग्रणी है?

(a) तमिलनाडु (b) केरल

(c) कर्नाटक (d) आंध्र प्रदेश

(iv) राष्ट्रीय जलमार्ग-1 जोड़ता है-

(a) हल्दिया को कोलकाता से

(b) कोट्टापुरम को कोल्लम से

(c) सादिया को धुबरी से

(d) हल्दिया को इलाहाबाद से

(v) उत्तर-पश्चिमी भारत में शीतकालीन वर्षा का कारण है:

(a) उत्तर-पूर्वी मानसून

(b) पश्चिमी विक्षोभ

(c) दक्षिण-पश्चिमी मानसून

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(vi) 'राजमहल ट्रैप' झारखंड में किस भाग में स्थित है?

(a) उत्तर-पूर्वी भाग में

(b) दक्षिण-पश्चिमी भाग में

(c) पूर्वी भाग में

(d) दक्षिणी भाग में

(vii) पंचेत बांध का निर्माण किस नदी पर किया गया है?

(a) कोनार नदी पर

(b) दामोदर व बराकर नदी के संगम पर

(c) स्वर्णरेखा नदी पर

(d) मयुराक्षी नदी पर

(viii) झारखंड में आलू का सर्वाधिक उत्पादन करने वाला ज़िला है:

(a) पलामू (b) हज़ारीबाग

(c) दुमका (d) साहेबगंज

(ix) निम्नलिखित शैलक्रमों में से कौन भारत का 90% से अधिक कोयला प्रदान करता है?

(a) विन्ध्य क्रम (b) धारवाड़ क्रम

(c) टर्शियरी क्रम (d) गोंडवाना क्रम

(x) महासागरीय नितल का सबसे विस्तृत भाग कौन-सा है?

(a) महासागरीय गर्त

(b) महासागरीय ढाल

(c) महासागरीय मग्न तट

(d) गहरे सागरीय मैदान

**7.** **अंक : 40 (10 × 4)**

(a) बिग बैंग सिद्धांत का विस्तार से विवेचन कीजिये। (10 अंक)

(b) प्लेट विवर्तनिकी से क्या अभिप्राय है? इस सिद्धांत के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डालिये। (10 अंक)

(c) तापमान के व्युत्क्रमण को विस्तारपूर्वक समझाएँ। (10 अंक)

(d) कोपेन की जलवायु वर्गीकरण की योजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें। (10 अंक)

**8.** **अंक : 40 (10 × 4)**

(a) भारतीय मानसून की प्रकृति तथा उत्पत्ति पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। (10 अंक)

(b) भारत में हरित क्रांति के प्रभावों का मूल्यांकन कीजिये। (10 अंक)

(c) भारत में वन संरक्षण के लिये उठाए गए कदमों का एक विवरण प्रस्तुत करें। (10 अंक)

(d) प्राकृतिक आपदा के स्वरूप में चक्रवात के प्रभाव क्षेत्रों की विवेचना कीजिये। (10 अंक)

**9.** **अंक : 40 (10 × 4)**

(a) उद्योगों की अवस्थिति के लिये उत्तरदायी कारकों का विश्लेषण कीजिये। (10 अंक)

(b) भारत में आंतरिक जलमार्गों के सुधार में प्रमुख चुनौतियों की व्याख्या कीजिये। (10 अंक)

(c) जल संभर से क्या तात्पर्य है? इसका प्रबंधन क्यों आवश्यक है? इसकी विस्तृत व्याख्या करें। (10 अंक)

(d) 'भारतीय कृषि मानसून पर आश्रित है।' इस कथन की पुष्टि करें। (10 अंक)

**10.** **अंक : 40 (20 × 2)**

(a) झारखंड के प्रमुख जलवायु क्षेत्रों का परिचय देते हुए उनकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करें। (20 अंक)

(b) झारखंड की जनजातियों की प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए उनके विकास के कार्यक्रम की विस्तृत विवेचना करें। (20 अंक)